ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 19-11-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-11-19 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-11-20	2024-11-21	2024-11-22	2024-11-23	2024-11-24
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	30.0	29.0	30.0	30.0	31.0
न्यूनतम तापमान(से.)	14.0	14.0	13.0	14.0	14.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	23	23	24	23	23
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	13	13	13	12	12
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	9	6	5	6	7
पवन दिशा (डिग्री)	59	114	201	228	210
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना। अधिकतम तापमान 29.0 से 31.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 13.0 से 14.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 5-9 किमी/घंटा रहने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

आने वाले दिनों में तापमान में कमी की संभावना को देखते हुए किसानों को सलाह दी जाती है कि गेहूं, जौ, जीरा, ईसबगोल, मैथी आदि फसलों की बुआई के लिए खेत तैयार करें।

लघु संदेश सलाहकार:

गेहूं की फसल को अनावृत्त कंडवा रोग से बचाव हेतू बुवाई से पूर्व बीजों को विटावैक्स नामक दवा 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	गेहूं की फसल की उन्नत किस्मों की बुवाई करें। उन्नत किस्में राज 1482,राज 3077, राज 3765, राज 3777, राज 4037, राज 4083, पी बी डब्ल्यू 590, जी डब्ल्यू 11 एंव के आर एल 213 है। बीज की मात्रा 100 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। नत्रजन, फास्फोरस व पोटाश उर्वरको की मात्रा 60, 40 व 20 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर होनी चाहिएं।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
जीरा	जीरे की बुवाई के लिए उपयुक्त समय है। बुवाई हेतु आर.जेड-19, आर.जेड-209, जी.सी-4 व आर.जेड-223 उन्नत किस्में है। बीज की मात्रा 12-15 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। बुवाई से पूर्व बीज को 2 ग्राम कार्बेण्डेजिम या 4 ग्राम टाईकोडरमा विरिडी से प्रति किलो बीज को उपचारित करें। नत्रजन 15 किलो, फास्फोरस 20 किलो एंव पोटाश 15 किलो उर्वरक प्रति हैक्टेयर की दर से आखिरी जुताई के समय दें। बुवाई के तुरन्त बाद एक हल्की सिंचाई करें तथा दूसरी सिंचाई 6-7 दिन पशचात करें।
जीरा	जीरे की फसल में खरपतवार नियंत्रण हेतु पेंडामेथालिन 1 किलो सक्रिय तत्व (4.5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में) प्रति हेक्टयर की दर से बुवाई के बाद तथा अंकुरण से पहले प्रयोग करें।
	ईसबगोल की जी.आई-2, आर.आई-1 एंव आर.आई-89 उन्नत किस्मों की बुवाई करे। बुवाई हेतु 4-5 किलो बीज प्रति हैक्टेयर के लिए प्रयाप्त है। 15 किलो नत्रजन व 25 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर बुवाई के समय दें।
गाजर	गाजर की फसल में खरपतवार नियंत्रण हेतु निराई गुडाई करें तथा शेष बची नत्रजन की मात्रा 30 किलो प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई के 45 दिन बाद में दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	नवजात पशुओं को सर्दी से बचाने का विशेष ध्यान रखें तथा रात के समय नवजात पशु की पीठ के चारों ओर जूट की बोरी बांधे ।